# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–24 अक्टूबर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधिनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित पन्द्रह सौ छब्बीस ग्राम पंचायत अधिकारी, तीन सौ साठ ग्राम विकास अधिकारी और चौंसठ समाज कल्याण पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद से पिछले साढ़े सात वर्षों में नियुक्ति चयन प्रक्रिया में किसी के साथ भेदभाव नहीं हुआ। हमारी सरकार में सरकारी, निजी क्षेत्र और संविदा के आधार पर नियुक्तियां ईमानदारी से बढ़ी तो यूपी हर क्षेत्र में तेजी से दौड़ता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सरकारी सेवाओं में लगभग सात लाख भर्ती सम्पन्न हुयी है। प्रदेश के अन्दर सुरक्षा का बेहतर माहौल देने के कारण निजी क्षेत्र में भी लाखों नौजवानों के लिये नौकरी की सम्भावना बढ़ायी गयी है। प्रदेश का जो युवा पहले नौकरी–रोजगार के लिये देश–दुनिया में भटकता था, आज उसे अपने प्रदेश, क्षेत्र और जिले में ही नौकरी मिल रही है।

**********

भारतीय जनता पार्टी ने आज प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव के लिये आठ विधानसभा सीटों के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी। इनमें विधानसभा कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर विधानसभा से सुरेन्द्र दिलेर, करहल से अनुजेश यादव, फूलपुर से दीपक पटेल, सीसामऊ से सुरेश अवस्थी, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवां विधानसभा क्षेत्र से सुचिस्मिता मौर्य का नाम शामिल है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने बताया कि पार्टी के सभी प्रत्याशी कल नामांकन करेंगे। वहीं राष्ट्रीय लोकदल ने मीरापुर विधानसभा सीट से श्रीमती मिथिलेश पटेल को प्रत्याशी घोषित किया है। सम्बन्धित विधानसभा से नामांकन किये जाने का कल आखिरी दिन है। आज मिर्जापुर के मझवां विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ज्योति बिंद, बहुजन समाज पार्टी से दीपक तिवारी, राष्ट्रीय जनमत पार्टी से प्रकाश चन्द्र मौर्य, एनसीपी से डॉक्टर अखिलेश कुमार द्विवेदी और निर्दल प्रत्याशी रामलखन ने नामांकन किया।

**********

प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ दो हजार पच्चीस को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही यातायात प्रबंधन पर भी सरकार का विशेष जोर है। महाकुंभ में चालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जिसको लेकर मेला प्रशासन और जिला प्रशासन दोनों भीड़ के प्रबंधन की तैयारी में जुटे हैं। प्रयागराज के मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि इस सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में सिर्फ प्रदेश और देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया से श्रद्धालुओं का बड़ा जत्था प्रयागराज पहुंचने वाला है। ऐसे में भीड़ प्रबंधन को लेकर एक विशेष कार्ययोजना बनायी गयी है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ के दौरान सर्वाधिक श्रद्धालु सड़क मार्ग से प्रयागराज पहुंचेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए शहर की सभी दिशाओं में पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। मेला क्षेत्र में आने–जाने का अलग रास्ता होगा। ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि श्रद्धालु कहीं एक साथ रूकें नहीं, चलते रहें।

**********

गोरखपुर के रामगढ़ताल में आयोजित सब जूनियर नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप के तहत आज से खेल प्रतियोगिताएं भी शुरू हो गयीं, जो छब्बीस अक्टूबर तक चलेंगी। अन्तिम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

***रामगढ़ ताल के नौकायन में सब जूनियर नेशनल रोइंग चौंपियनशिप का शुभारंभ खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने 23 अक्टूबर बुधवार को किया। बृहस्पतिवार को पहले दिन खेल प्रतियोगिता का आयोजन रामगढ़ताल में किया गया। इसमें 19 टीम ने पहले दिन प्रतिभा किया इस दिन हिट मैच था। बता दें कि यह प्रतियोगिता पिछले साल मई में आयोजित की गई थी यह दूसरी बार आयोजित की जा रही है। जो 26 अक्टूबर तक चलेगी। इसमें 20 राज्यों की टीमें प्रतिभाग कर रही है। इसमें कुल 243 खिलाड़ी शामिल हैं । इन खिलाड़ियों के साथ 43 कोच भी हैं। खेल के समापन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 अक्टूबर को मौजूद रहेंगे जिसमें वह खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे।***

**********

पीलीभीत स्थित टाइगर रिजर्व आगामी छः नवंबर से देश–विदेश के सैलानियों के लिए खोल दिया जाएगा। इसको लेकर टाइगर रिजर्व में तैयारियां तेज कर दी गईं हैं। जंगल के सुप्रसिद्ध चूका बीच को सजाया संवारा जा रहा है और बरसात में खराब हुए जंगल के रास्तों को भी दुरुस्त किया जा रहा है। टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष पन्द्रह नवंबर को टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए खोला जाता था लेकिन इस बार शासन से छः नवंबर से पर्यटन सत्र शुरू होने की मंजूरी प्राप्त हुयी है।

**********

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सचिव रंजन कुमार ने बताया कि प्रदेश में तेजी से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन–एबीडीएस के तहत हेल्थ यूनिक आईडी बनाने का काम चल रहा है। देश में एबीडीएस की विभिन्न इकाइयों को बनाने में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा को प्रदेश में पिछले एक वर्ष से लागू किया गया है। अब तक प्रदेश में बारह करोड़ पैंतालीस लाख आभा आईडी बनायी गयी है।

**********